दिनांकः 15.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रांची हवाई अड्डे से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए टाटा नगर – पटना सहित छह वंदेभारत रेलगाडियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले श्री मोदी आज सुबह जमशेदपुर जाने के लिए रांची हवाई अड्डे पहुंचे लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हैलीकाप्टर रवाना नहीं हो सका। श्री मोदी ने झारखंड में छह सौ साठ करोड़ रूपये से अधिक की रेल परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री आज से झारखण्ड, गुजरात और ओडिशा की तीन दिन की यात्रा पर हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि किसान सिर्फ खेती नहीं करता बल्कि लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था कर पुण्य का काम करता है। आज जयपुर के बैनाड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से फसल खराबे के बावजूद भी किसानों की हिम्मत उन्हें विपरीत परिस्थितियों में आगे बढने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को आपसी समन्वय के साथ देश की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का सार्वजनिक सम्मान भी किया गया।

000

कोटा–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर आज तड़के एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे में तीन व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के शिकार लोग मध्यप्रदेश के देवास से सीकर में खाटूश्याम जी दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान बूंदी के पास हिंडोली में श्रद्धालुओं की कार बजरी से भरे ट्रक से टकरा गई और हादसा हुआ। एक गंभीर घायल को कोटा रैफर किया गया है, जबकि दो घायलों का बूंदी के अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

000

राजस्थान पुलिस को डूइंग गुड फॉर भारत अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कम्युनिटी पुलिसिंग में नवाचार और बेहतर कार्यों के लिए ये पुरस्कार दिया जाएगा। सामुदायिक पुलिस सेवा के अधीक्षक पंकज चौधरी ये पुरस्कार प्राप्त करेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि जी श्रेणी में शासन और सार्वजनिक सेवाओं के माध्यम से अच्छा कार्य करने के चलते राजस्थान पुलिस को ये पुरस्कार दिया जा रहा है। 16 से 18 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होने वाले सीएसआर और ईएसजी शिखर सम्मेलन के 11वें संस्करण में ये पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट लीडर, गैर सरकारी संगठन, सोशल इन्नोवेटर्स और सरकारी एजेंसियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के 2 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग लेंगे।

000

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने के बाद आज अधिकांश जिलों में मौसम शुष्क बना हुआ है। हालांकि पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं पर बादल गरजने के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश का मौजूदा दौर थमने के बाद धौलपुर, करौली, भरतपुर और अजमेर में जलभराव की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। जिला प्रशासन राहत कार्यों में जुटा हुआ है। इस बीच, विभाग ने 18 सितम्बर के बाद से बरसात की गतिविधियां फिर से शुरू होने की संभावना जताई है।

000

दाऊदी बोहरा समाज आज ईद मिलादुन्नबी का पर्व मना रहा है। पैगम्बर मुहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर डूंगरपुर में बैंड की धुनों के साथ जुलूस निकाला गया गया। रंग बिरंगी पोशाकों में सजे बच्चे घोड़े पर झंडे लेकर सवार हुए। जुलूस शहर के विभिन्न रास्तों से होकर मस्जिद पहुंचा, जहां मजलिस का आयोजन हुआ।

000

दूरदर्शन आज अपनी स्थापना की 65वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत 1959 में आज ही के दिन दूरदर्शन से हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने इसके पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था।